Name ..................................Roll No.......................................... **PR**

# वार्षिक परीक्षा-2023

समय-2.30 घण्टे **कक्षा-XI** पूर्णांक-90

## विषय-साहित्यिक हिन्दी

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. (क) **आधुनिक हिन्दी गद्य का जनक कहा जाता है-** 1

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(स) रामचन्द्र शुक्ल (द) प्रताप नारायण मिश्र

(ख) **हिन्दी का प्रथम उपन्यास है-** 1

(अ) परीक्षा गुरू (ब) गोदान (स) गबन (द) बाणभट्ट की आत्मकथा

(ग) **कलम का सिपाही जीवनी के लेखक है-**

(अ) प्रेमचन्द (ब) जयशंकर प्रसाद (स) अमृतराय (द) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(घ) **'सरस्वती' पत्रिका के संपादक है-** 1

(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) रामचन्द्र शुक्ल (द) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ङ) **लल्लूलाल की रचना है-** 1

(अ) सुखसागर (ब) प्रेमसागर

(स) नासिकेतोपाख्यान (द) रानी केतकी की कहानी

2. (क) **आदिकाल की रचना है -** 1

(अ) कामायनी (ब) पृथ्वीराजरासो (स) बिहारी सतसई (द) प्रिय प्रवास

(ख) **भक्तिकाल के कवि हैं -** 1

(अ) तुलसीदास (ब) चन्दबरदाई (स) बिहारी (द) जयशंकर प्रसाद

(ग) **'कृष्णभक्ति शाखा' के प्रमुख कवि हैं -** 1

(अ) तुलसीदास (ब) नाभादास (स) सूरदास (द) बिहारी

(घ) **'तारसप्तक' का प्रकाशन कब हुआ-** 1

(अ) 1945 (ब) 1943 (स) 1950 (द) 1957

(ङ) **'कामायनी' के रचनाकार हैं -**

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) हरिश्चन्द्र (स) निराला (द) महादेवी वर्मा

3. **निम्न गद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 10

<u>हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी है।</u> यद्यपि फर्स्ट क्लास सेकेण्ड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजन सब नहीं चल सकती, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते। इनसे इतना कह दीजिए 'का चुप साधि रहा बलवाना' फिर देखिए हनुमान जी को अपना बल कैसे याद आता है। सो बल कौन याद दिलावे।

(अ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) लेखक ने हिन्दुस्तानियों को किसके सदृश बताया है?

(द) 'का चुप साधि रहा बलवाना' इस कथन से लेखक का क्या आशय है?

(य) लेखक ने हनुमान जी को किसका प्रतीक बताया है?

**अथवा**

<u>आचरण की सभ्यतामय भाषा सदा मौन रहती है।</u> इस भाषा का निघण्टु शुद्ध श्वेत पत्रों वाला है। इसमें नाममात्र के लिए भी शब्द नहीं। यह सभ्याचरण नाद करता हुआ भी मौन है, व्याख्यान देता हुआ भी व्याख्यान के पीछे छिपा है, राग गाता हुआ भी राग के सुर के भीतर पड़ा है। मृदु वचनों की मिठास में आचरण की सभ्यता मौन रूप से खुली हुई है। नम्रता, दया, प्रेम और उदारता सब के सब सभ्याचरण की भाषा के मौन व्याख्यान हैं।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) सभ्याचरण की मुख्य विशेषता क्या है?

(द) आचरण की सभ्यतामय भाषा कैसी है?

(य) 'निघण्टु' शब्द का क्या अर्थ है?

**4. निम्न में से किसी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10**

<u>जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहि।</u>
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माहिं।।
यहु तन जालौं मसि करौ, लिखौं राम का नाउँ।
लेखणि करूँ करंक की, लिखि-लिखि राम पठाऊँ।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) परमात्मा का दर्शन कब होता है?

(घ) कवि ने लेखनी किसकी बनाया है?

(ङ) कवि ने किसे पत्र लिखकर भेजा है?

**अथवा** अब कैं राखि लेहु भगवान।
हौ अनाथ बैठ्यौ द्रुम-डरिया, पारधि साधे बान।।
ताके भय मै भाज्यौ चाहत, ऊपर ढुक्यो
दुहूँ भाँति दुख भयौ आनि यह, कौन उवारै प्रान,
सुमिरत ही अहि डस्यौ पारधि, कर छूट्यौ सन्धान
सूरदास सर लग्यौ सचानहि, जय-जय कृपानिधान।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) पक्षी क्यों नहीं उड़ पा रहा है?

(घ) पक्षी कहाँ बैठा है?

(ङ) पक्षी ने ईश्वर से क्या निवेदन किया? अन्त में क्या परिणाम हुआ?

5. (क) **निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए।-शब्द सीमा 80** 5

(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी (स) श्यामसुन्दर दास

(ख) **निम्न कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए।** 4

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) कबीरदास

6. बलिदान अथवा आकाशदीप कहानी का सारांश अपने शब्दों लिखिए। 5

7. राजमुकुट खण्डकाव्य के आधार पर महाराणा प्रताप का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

**अथवा** राजमुकुट खण्डकाव्य का सारांश संक्षेप में लिखिए।

8. **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए।** 5

भारतस्य स्वतंत्रतान्दोलनस्य इदं नगरं प्रधानकेन्द्रम् आसीत्। श्रीमोतीलालनेहरू, महामना मदन मोहनमालवीयः आजादोपनामकश्चन्द्रशेखरः अन्ये च स्वतंत्रासंग्रामसैनिकाः अस्यामेव पावनभूमौ उषित्वां आन्दोलनस्य संचालनम् अकुर्वन। राष्ट्रनायकस्य पंडित जवाहर लालस्य इयम् क्रीड़ास्थली कर्मभूमिश्च।

**अथवा**

भारतदेशस्य सुविस्तृतायाम उत्तरस्यां दिशि स्थितो गिरिः पर्वतराजो हिमालय इति नाम्नाभिधीयते जनैः। अस्य महोच्चनि शिखराणि जगतः सर्वानपि पर्वतान जयन्ति। अतएव लोका एनं पर्वतरांज कथयन्ति। अस्योतमि शिखराणि सदैव हिमैः

आच्छादितानि तिष्ठन्ति। अत एवास्य हिमालय इति हिमगिरित्यिपि च नाम सुप्रसिद्धम्।

(ख) विश्वानि देव सवितुर्दुरितानि परासुव, यद् भद्रं तन्न आसुव।।

**अथवा** अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।

चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।

9\. (क) श्रृंगार अथवा हास्य रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 3

(ख) उपमा अथवा यमक अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण दीजिए। 3

(ग) दोहा अथवा चौपाई छन्द की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 3

**10. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** 10

(क) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या और समाधान

(ख) विज्ञान : वरदान है या अभिशाप।

(ग) जनसंख्या विस्फोट : समस्या और समाधान

(घ) कोरोना : एक वैश्विक चुनौती

11\. (क) **निम्न प्रश्नों का सही उत्तर का चयन कीजिए।**

1\. **'पो+अन' की संधि होगी।** 1

(अ) पवन (ब) पावन (स) पोअन (द) पाअन

2\. **'अयादि' संधि का उदाहरण है -** 1

(अ) विद्यालय (ब) गायक (स) प्रत्येक (द) रमेश

3\. **'हरेऽव' का संधि विच्छेद होगा।** 1

(अ) हरे +अव (ब) हरो+अव (स) हरै + अव (द) हरौ + अव

(ख) 1. **'यथाशक्ति' में समास है -** 1

(अ) अव्ययीभाव (ब) कर्मधारय (स) द्विगु समास (द) बहुब्रीहि

2\. **'कर्मधारय समास' का उदाहरण है-** 1

(अ) पीताम्बर (ब) राजपुत्र (स) आजीवन (द) पंचवटी

12\. (क) 1. **'आत्मने' शब्द का रूप है -** 1

(अ) तृतीया एकवचन (ब) चतुर्थी एकवचन

(स) पंचमी बहुवचन (द) प्रथमा एकवचन

2\. **'स्था' धातु के 'तिष्ठति' रूप होगा।** 1

(अ) प्रथम पुरूष एकवचन (ब) मध्यम पुरूष एकवचन

(स) उत्तम पुरूष एकवचन (द) प्रथम पुरूष द्विवचन

❖❖❖